हल्द्वानी (नैनीताल) एवं देहरादून से एक साथ प्रकाशित

समाचारों को विस्तार से व तत्काल पढ़ने के लिए क्लिक करें

Web:- www.jokhimnews.com

सूचना एवं लोकसम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड में "A" श्रेणी में सूचीबद्ध

# जोखिम

भय भूख एवम् भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्षरत् निर्भीक राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वर्ष : 16 अंक : 112 हल्द्वानी (नैनीताल) बुधवार 04 मार्च 2026 मूल्य रू 2 पृष्ठ : 8

## रूद्राक्ष बैंकट हाल में आयोजित भव्य होली मिलन महोत्सव रंगों, फूलों और संगीत की छटा से सराबोर रहा



हल्द्वानी (संवाददाता)। प्रेस क्लब हल्द्वानी के तत्वावधान में नवाबी रोड स्थित रूद्राक्ष बैंकट हाल में आयोजित भव्य होली मिलन महोत्सव रंगों, फूलों और संगीत की छटा से सराबोर रहा। पारंपरिक होली गीतों की मनमोहक प्रस्तुति ने उपस्थित जनसमूह को झूमने पर मजबूर कर दिया, वहीं श्रीकृष्ण-राधा की फूलों की होली ने पूरे वातावरण को भक्तिमय और उल्लासपूर्ण बना दिया। इस दौरान जहां महिलाओं की टीम व गायक कलाकार मनोज प्रभाकर ने अपनी गायन शैली से पूरा वातावरण होलीमय बना दिया, वही दूसरी ओर बरेली से आये कलाकार श्रीकृष्ण-राधा की झांकी और फूलों की होली ने पूरा माहौल भक्तिमय बना दिया।अतिथियों में मुख्य रूप से कुमाऊँ आयुक्त दीपक रावत तथा जिलाधिकारी नैनीताल ललित मोहन रयाल, विधायक सुमित हृदयेश, दर्जा राज्य मंत्री नवीन वर्मा, दिनेश आर्या, श्रीमती रेनू अधिकारी, भाजपा प्रदेश महामंत्री तरूण बंसल, जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी, एसडीएम प्रमोद कुमार की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन की शोभा बढ़ाई। अतिथियों ने रंगों के इस पर्व को सामाजिक सद्भाव, भाईचारे और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक बताते हुए सभी को होली की शुभकामनाएँ दीं।क्लब के अध्यक्ष संजय तलवाड़ तथा मुख्य संरक्षक कैलाश जोशी तारा चंद्र गुर्रानी ने संयुक्त रूप से अतिथियों एवं आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि होली केवल रंगों का उत्सव नहीं, बल्कि मन के मैल को धोकर प्रेम, सद्भाव और नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ने का संदेश देती है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को जोड़ते हैं और सांस्कृतिक विरासत को सशक्त बनाते हैं।कार्यक्रम का संचालन क्लब के महामंत्री रवि दुर्गापाल, सांस्कृतिक सचिव विशाल शर्मा एवं दीप्ति चुफाल ने प्रभावी ढंग से किया।इस अवसर पर क्लब के संरक्षक तारा चन्द्र गुरूरानी, इस्लाम हुसैन, भगवान सिंह गंगोला, साकेत अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश जोशी, जिला सूचना अधिकारी गिरजाशंकर जोशी, पूर्व सूचना निदेशक योगेश मिश्रा, सिंथिया स्कूल के प्रबंधक प्रवीण रौतेला, कोषाध्यक्ष अजय चौहान, उपाध्यक्ष अरविंद मलिक,अनुराग वर्मा, महिला उपाध्यक्ष नीरू भल्ला सहित सुशील तलवाड़, मो. हसनैन, देवकृष्ण कोठारी, सुशील शर्मा, गिरीश जोशी, मनोज तलवाड़, सलीम खान, प्रवीन चोपड़ा, गिरीश गोस्वामी, गौरव गुप्ता, दीपक भंडारी, शाहबेज खान, दलीप गड़िया, ओपी अग्निहोत्री, विशाल शर्मा, सरोज आनंद जोशी, कमल जोशी, फरहत रऊफ, आशुतोष कोकिला, गोपाल जोशी, संजय पाठक, मोहन काण्डपाल, चंदन बिष्ट, योगेश शर्मा, सर्वेश बिष्ट,बबलू सागर, सुशील भट्ट, बीपीएल शिक्षा प्रयास समिति की अध्यक्षा पार्वती किरौला, पुर्ननवा महिला समिति की अध्यक्ष लता बोरा, प्रचार सचिव कल्पना रावत, वूमेंन क्लब ऑफ उत्तराखण्ड की अध्यक्षा मोनिका शर्मा, भारती पंत, एनसीडब्ल्यूडीसी की राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष चम्पा त्रिपाठी, समाजसेवी मंजू शाह, संघर्ष सेवा सहयोग समिति योगिता बनौला सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### मेडिकल स्टोर से नशे की दवाओं का जखीरा बरामद, संचालक गिरफ्तार

रुद्रपुर (संवाददाता)। गदरपुर में एसटीएफ और पुलिस ने मेडिकल स्टोर की आड़ में चल रहे नशे की दवाइयों का भंडाफोड़ कर मेडिकल संचालक को गिरफ्तार किया है। टीम ने मेडिकल स्टोर से 9416 प्रतिबंधित कैप्सूल, 1300 टैबलेट और 51 कफ सिरप बरामद की है। मंगलवार को खुलासा करते हुए एसएसपी अजय गणपति ने बताया कि सोमवार को निरीक्षक एसटीएफ विकास चौधरी के नेतृत्व में एसटीएफ टीम ने ड्रग इंस्पेक्टर निधि शर्मा और पुलिस के साथ गदरपुर के कुमार मेडिकल हॉल पर छापा मारा। मेडिकल के खिलाफ लगातार टीम को शिकायत मिल रही थी।

### अवकाश सूचना

समस्त सम्मानित पाठक बन्धुओं को होली की हार्दिक शुभकामानाओं के साथ सूचित किया जाता है कि दिनॉक 4.03.2026 को होली का अवकाश होने के कारण समाचार पत्र के आगामी अंक का प्रकाशन दिनॉक 06.03.26 को प्रकाशित किया जायेगा।

आज्ञा से संपादक

## चंद्रग्रहण के चलते मंदिरों के कपाट रहे बंद, शुद्धिकरण के बाद हुई पूजा

अल्मोड़ा (संवाददाता)। वर्ष के पहले चंद्रग्रहण का प्रभाव मंगलवार को जिले में साफ दिखाई दिया। सूतक काल लगने के बाद नगर सहित आसपास के प्रमुख मंदिरों के कपाट सुबह से ही बंद कर दिए गए और नियमित पूजा-अर्चना स्थगित रही। मंदिर समितियों से मिली जानकारी के अनुसार जागेश्वर मंदिर, नंदा देवी मंदिर सहित अन्य देवालयों में प्रातःकाल से पूजा-पाठ और भोग आदि धार्मिक अनुष्ठान रोक दिए गए। ग्रहण समाप्त होने के बाद मंदिरों में विधिवत शुद्धिकरण प्रक्रिया पूरी की गई, जिसके बाद ही कपाट खोले गए और विशेष पूजा-अर्चना संपन्न कराई गई। ग्रहण समाप्ति के बाद श्रद्धालुओं ने स्नान किया। कई लोगों ने परंपरा के अनुसार जनेऊ बदली और घरों में पूजा-अर्चना की। दोपहर 2:39 बजे शुरू हुआ चंद्रग्रहण सायं 6:18 बजे तक प्रभावी रहा। ग्रहण से लगभग नौ घंटे पहले सूतक काल लग गया था, जिसके चलते धार्मिक गतिविधियां रोक दी गई थीं। पुरोहितों ने श्रद्धालुओं से ग्रहण अवधि के दौरान घरों में रहकर जप, ध्यान और पाठ करने की अपील की थी। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार ग्रहण काल में देव प्रतिमाओं को स्पर्श करना और भोजन करना वर्जित माना जाता है। इसी परंपरा का पालन करते हुए मंदिरों में एहतियातन व्यवस्थाएं की गईं।

## होली पर अलर्ट मोड में पुलिस, जिलेभर में सघन चेकिंग और निगरानी तेज

अल्मोड़ा (संवाददाता)। होली और अन्य त्योहारों के मद्देनजर जिले में पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोडके के निर्देश पर जनपदभर में सघन चेकिंग अभियान, गश्त और निगरानी बढ़ा दी गई है, ताकि त्योहार शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सकें। अपर पुलिस अधीक्षक हरबन्स सिंह के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी अल्मोड़ा बलवन्त सिंह और क्षेत्राधिकारी रानीखेत विमल प्रसाद की निगरानी में सभी थाना प्रभारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में चेकिंग अभियान तेज कर दिया है। नगर क्षेत्रों, प्रमुख बाजारों, चौराहों और मोटर मार्गों पर वाहनों की जांच की जा रही है। जिले की सीमाओं और प्रवेश मार्गों पर भी हर वाहन को रोककर जांच की जा रही है, ताकि कोई संदिग्ध या आपराधिक तत्व क्षेत्र में प्रवेश न कर सके। पुलिस टीम संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की तलाशी लेने के साथ ही पूछताछ भी कर रही है। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की जा रही है। किरायेदारों और बाहरी व्यक्तियों के सत्यापन की भी जांच की जा रही है और बिना सत्यापन के रहने वालों पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। इसके अलावा सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से संवेदनशील स्थानों पर निगरानी रखी जा रही है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी पुलिस की नजर बनी हुई है, ताकि अफवाह या भ्रामक सूचना फैलाने वालों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जा सके। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि त्योहारों को शांतिपूर्ण और जिम्मेदारी के साथ मनाएं तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत नजदीकी थाने या कंट्रोल रूम को दें।

# सम्पादकीय

## दुनिया में चर्चा का विषय एपस्टीन की फाइल्स

फाइलें 30 जनवरी 2026 को सामने इसलिए आई क्योंकि अमरीका के सांसदों ने न्यायिक विभाग पर भारी दबाव बनाया। अभी भी बहुत सारी सूचनाओं को ये विभाग दबा कर बैठा है। अमरीका के जो भी सांसद बारी-बारी से जाकर न्यायिक विभाग में इन फाइलों का निरीक्षण कर रहे हैं वे सदमें में आ जाते हैं। इनमें दुनिया के कुलीन और मशहूर धनाढ्यों और राजनेताओं के नाम शामिल हैं।पिछले हफ्ते तक इंग्लैंड के युवराज रहे प्रिंस एंड्र्यूज की गिरफ्तारी ने एपस्टीन फाइल्स में उल्लेखित विश्व की मशहूर हस्तियों और राजनेताओं के दिल की धड़कन बढ़ा दी है। ये एक ऐसा जिन्न है जो फैलता ही जा रहा है। हर रोज नए-नए नाम और उनके काले कारनामे उजागर हो रहे हैं। आश्चर्य की बात है कि अमरीका के न्यायिक विभाग ने इन फाइल्स के सामने आने के बाद इनमें शामिल मशहूर हस्तियों से न तो कोई पूछताछ की और न ही उनके खिलाफ कोई केस दर्ज किए। क्योंकि उस पर अपने ही सत्ताधीशों का दबाव था।ये फाइलें भी 30 जनवरी 2026 को सामने इसलिए आई हैं क्योंकि अमरीका के सांसदों ने न्यायिक विभाग पर भारी दबाव बनाया। अभी भी बहुत सारी सूचनाओं को ये विभाग दबा कर बैठा है। अमरीका के जो भी सांसद बारी-बारी से जाकर न्यायिक विभाग में इन फाइलों का निरीक्षण कर रहे हैं वे सदमें में आ जाते हैं। इनमें दुनिया के कुलीन और मशहूर धनाढ्यों और राजनेताओं के नाम शामिल हैं।आश्चर्य की बात है कि भारत का अधिकतर मीडिया ही नहीं बल्कि अमरीका का भी मुख्य धारा का मीडिया एपस्टीन फाइल्स को लेकर सामने आ रही दिल दहलाने वाली सूचनाओं को उस तत्परता से प्रकाशित या प्रसारित नहीं कर रहा जैसा किया जाना चाहिए। लगता है कि पैसे और ताकत के दबाव पर इन सूचनाओं को दबाने का काम जारी है। पर सोशल मीडिया अपनी भूमिका बखूबी निभा रहा है। जिन्हें एपस्टीन फाइल्स के बारे में अधिक जानकारी नहीं है, वे सोशल मीडिया पर जाकर श्एपस्टीन फाइल्स्व कीवर्ड को खोजेंगे तो उनकी आँखे फटी की फटी रह जाएँगी। ये फाइल्स इतनी भयावह हैं कि अगर इससे जुड़े ताकष्तवर लोगों पर कषनूनी करवाई होना शुरू हो जाए तो अमरीका की राजसत्ता और आर्थिक सत्ता धराशाही हो जाएगी और यही स्थिति अन्य देशों में भी हो सकती है। आज अमरीका के हर बड़े शहर में लाखों नागरिक अपने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के खिलाफ सड़कों पर भारी प्रदर्शन कर रहे हैं। क्योंकि इन संदिग्ध फाइल्स में उपलब्ध वीडियो फुटेज में डोनाल्ड ट्रम्प जैसी तमाम बड़ी हस्तियां, छोटी बच्चियों के साथ दिखाई दे रहे हैं। हालांकि बच्चियों के यौन शोषण के मामले में उनके विरुद्ध अभी तक कोई प्रमाण सामने नहीं आए हैं। पर लाख टके का सवाल यह है कि जिस नरपिशाच को बच्चियों के साथ पाशविक यौनाचार के मामले में सजा मिल चुकी थी उससे ये बड़ी हस्तियां क्यों लगातार मिलती-जुलती रहीं?आइए जान लें कि जेफरी एडवर्ड एपस्टीन कौन था? वो एक अमेरिकी फाइनेंशियर (धन प्रबंधक) और सेक्स क्रिमिनल था। वो न्यूयॉर्क में जन्मा, पढ़ाई में अच्छा था, एक प्राइवेट स्कूल में टीचर रहा, फिर वॉल स्ट्रीट पर श्बियर स्टन्र्स्व जैसे बड़े बैंक में काम किया। बाद में उसने अपनी खुद की फर्म बनाई, जहाँ वो अरबपतियों के पैसे मैनेज करता था। वो बहुत अमीर हो गया और दुनिया के बड़े-बड़े लोगों से उसकी दोस्ती थी, जैसे पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन, डोनाल्ड ट्रंप, ब्रिटेन के प्रिंस एंड्रयू, बिल गेट्स, कई सेलिब्रिटी, वैज्ञानिक और बिजनेसमैन। उसके पास श्लोलिता एक्सप्रेस्व नाम का प्राइवेट जेट था। न्यूयॉर्क व फ्लोरिडा में उसके महल जैसे घर और कैरिबियन में एक प्राइवेट द्वीप भी था जहाँ वो शानदार दावतें देता था, जिनमें दुनिया भर की मशहूर हस्तियां शिरकत करती थीं।एपस्टीन पर बच्चियों और नाबालिग लड़कियों के साथ यौन शोषण और सेक्स ट्रैफिकिंग (बलात्कार/दुष्कर्म का नेटवर्क चलाने) के गंभीर आरोप थे। 2005 में फ्लोरिडा पुलिस ने जांच शुरू की तो एक 14 साल की लड़की ने बताया कि एपस्टीन ने उसे उसके घर में श्सेक्सुअल मसाजश्व के बहाने शोषण किया। दर्जनों (कुछ रिपोर्ट्स में 100+ से ज्यादा) नाबालिग लड़कियों ने कहा कि एपस्टीन उन्हें पैसे देकर श्मसाजश्व के लिए बुलाता था, फिर सेक्सुअल एक्टिविटी करता था। उसकी पार्टनर घिस्लेन मैक्सवेल पर आरोप था कि वो एपस्टीन को लड़कियां मुहैया कराती थी। मैक्सवेल को 2021 में दोषी ठहराया गया और उसे 20 साल की सजा हुई और वो अभी जेल में है। उधर 2008 में एक डील हुई जिसमें एपस्टीन ने अपना दोष स्वीकार किया और वो गिरफ्तार कर लिया गया। पर वो सिर्फ 13 महीने ही जेल में रहा। लेकिन 2019 में एपस्टीन को दोबारा गिरफ्तार कर लिया गया। उस पर सेक्स ट्रैफिकिंग के फेडरल आरोप लगे। लेकिन फिर जेल में ही उसकी मौत हो गई। बताया गया कि उसने जेल में आत्महत्या कर ली। परंतु उसकी मौत संदेहास्पद परिस्थितियों में हुई। क्योंकि उस पर 24 घंटे निगरानी करने के लिए जेल में जो कैमरे लगे थे वो खराब हो गए थे, ऐसा बताया गया। इतना ही नहीं उस पर चौकसी से हर वक्त निगाह रखने के लिए तैनात सुरक्षा गार्ड भी, बताया गया कि सो गए थे।

# टेसू के फूल का रंग और गोकुल के होल्यार

आप यदि भाव से सराबोर हैं,तो कम से कम जीवन में एक बार नटवरनागर की नगरी श्रीमथुरा में, वृंदावन में, गोकुल और बरसाने में होली के अवसर पर उपस्थित अवश्य होइए।ऐसा इसलिए कह रहा हूं,क्योंकि जीवन के इक्यावनवें साल में गोकुल में टेसू के फूल से महीनों से तैयार किये रंग में भीगने की मस्ती अंतर्मन से महसूस कर रहा हूं।गोकुल की संकरी वीथी में स्थित नंदकिला मंदिर से मुरलीधर घाट के लिए निकली नटखट माधव,जो पालकी में सवार हैं,की होली-बारात में सम्मिलित गोकुल ग्रामवासी होल्यारों (स्त्री-पुरुष सभी)का समूह मुट्ठियों में अबीर-गुलाल तथा गेंदा और गुलाब की पंखुड़ियां भर-भर,एक दूसरे पर फेंकते हुए दूर तक नजर आ रहे हैं।

संपूर्ण श्रीकृष्णकाव्य में श्री नटवर-नागर की विभिन्न छवियां ,जिनमें उनकी रूप- राशि और नाम-राशि के संग उनकी समस्त लीलाओं का खूब-खूब प्रीतपगा वर्णन मिलता है।बाल्यकाल की अगणित कौतुकीय लीलाओं के पश्चात् राधा-माधव की उपस्थिति से दोनों के परस्पर नेह, मिलन ,बिछड़न और जुदाई से उत्पन्न दाह के आंच से कृष्णकाव्य संपृक्त है।उन दोनों के मिलन में धरती और अंबर के मिलन के सहज-सुख का भावन करना हो तो गोकुल की यात्रा पर निकालिए।जहां रस,राग, फुहार है, मल्हार है। ग्रामबालाओं सहित विभिन्न आयु-वय की सजी-संवरी गोपीरूपा महिलाओं द्वारा होल्यारों पर छड़ी की मार का अनूठा नजारा है,इसीलिए तो गोकुल की यह छड़ीमार होली पूरे विश्व में सर्वविदित है।एक महिला होल्यार मगन भाव से गाती है.....मेरो खोए गयो बाजूबंद रसिया होली में-२सास लड़ेगी, मेरी नंदू लड़ेगी खसम के सिर पै मार पड़ेगी है जै हैं सब रस भंग, रसिया होली में।उधम तेने लला बहुत मचायोलाज शरम जाने कहां धर आयोमैं तो आय गई तोरे संग रसिया होली में।मोरे खोय गयो बाजूबंद, रसिया होली में। फागुन के पहले दिन से ही ब्रज में होली का रंग हवाओं में घुल जाता है।फाग मानो सभी के द्वार पर अबीर गुलाल का टीका लगाने निकल पड़ती हो। कालिंदी की धार से लेकर उसका कूल,कदम के पेड़ का पल्लव- पल्लव, रामा और श्यामा तुलसी का उपवन; जिसमें वृंदावन की पूर्णता समाहित है,में उस बांके नयन- नक्श वाले गिरधर नागर की छवि सर्वत्र व्याप गई है।वहीं दूसरी तरफ श्रीराधारानी के मन में श्री कृष्ण से मिलने की कामना से उठने वाली हूक और बरसाने का निरापद सत्कार-स्नेह रंगोत्सव को और गाढ़ा बनाता है।श्रीमाधव की मित्र-मंडली से गुंजायमान गोकुल सहित नंदगांव, गोवर्धन और बलदाऊ मंदिर के 84 कोस के परिधि-पथ से अलग-अलग दिवसों में निकली हुरियारों की भिन्न उम्र और वय-सीमा की अपनी टोलियों की तनमयता मन को खूब-खूब रिझाती है।राधा- माधव के और माधव, राधा के रंग में रचे-बसे हैं। दोनों के दोनों पक्के रंगरेज ठहरे।

भारत शताब्दियों से उत्सवधर्मी राष्ट्र रहा है।यहां रंग ही नहीं ,रेत और राख दोनों को समान भाव से शीश पर धारण करने की आदि-परंपरा रही है। रंगों की विविधता जीवन को अपूर्व वैविध्य और नवोन्मेष प्रदान करने का जीवन्त दृष्टान्त है।बहुआयामी संदर्भों में यही जीवन को इंद्रधनुषीय छवि प्रदान करता है। इसी में जीवन की सार्थकता समाहित है।प्रसंगवशात् ,इस मर्म को समझना समीचीन होगा कि साथ-साथ एक छत के नीचे रहने से ही प्रेम अंकुरित हो रहे हों, पूरे यकीन से ऐसा कहना सत्य भी हो सकता है।प्रेम के लिए जिस आपसी तालमेल,समझ और सौहार्द की जरूरत है, उसके बिना तो साथ रहकर भी स्त्री-पुरुष को अकेला ही (निसंग) समझिए।किसी चलचित्र में नायक अपनी नायिका की ओर देखते हुए होली का एक गीत गाता है..... आधा है रंग,आधा प्यार तेरा। आपको बताता चलूं की आधा का मतलब यहां अधूरा नहीं है। आधा और आधा को मिलाकर अर्धनारीश्वर की ओर संकेत है,जो किसी भी स्त्री और पुरुष को पूर्णता प्रदान करता है।किसी-किसी युवा और युवती के जीवन में ब्रह्मा स्वयं ऐसा सुयोग बना देते हैं कि दोनों एक दूसरे को देखते ही रींझ जाते हैं,और वे दूसरी से तीसरी मुलाकात में एक दूसरे के दीवाने हो जाते हैं।ऐसे अलमस्त प्रेमी जोड़े एक दूसरे के रंग में रंग जाने के लिए होली का इंतजार नहीं किया करते, बल्कि आप कह सकते हैं कि इंतजार करना निहायत दुश्वार भी है।उन मतवालों के लिए तो ज्येष्ठ में (जेठ महीना) चलने वाली भयंकर लू भी वासन्ती-बयार से कम नहीं होती है।अस्तु, मैं तो गोकुल की एक वीथी में था--गोकुल में छड़ीमार होली खेलती सुंदर स्त्रियां हाथों में छड़ी लेकर की पुरुषों पर मनुहार-भरा स्पर्श करती हैं। हो सकता है किसी को थोड़ी जोर से लग जाए तो वह भी प्रेम का ही प्रतीक है ।वह अभागा ही होगा जो गोकुल में आकर छड़ीमार होली का अनुभव नहीं सका।मैं अभागा होने से बच गया। होली में छड़ी का प्रयोग कहीं न कहीं इस उद्देश्य की ओर भी वह संकेत है कि जोश में होश बनाये रखना।रंग लगाने का बहाना लेकर पर-नारी के शरीर स्पर्श के लिए लपकना घातक होगा।मेरे लिए मुरलीधर घाट गोकुल में फूल,फल, लड्डू, जलेबी,पेड़ा की भी होली का देखना किसी कौतुक से कम नहीं था।गोकुल की धरती पर टेसू के फूल का रंग और राग का आनंद के लेने के लिए साक्षात् राधा-माधव विभिन्न रूप में देश-देशांतर से आए हुए भक्तों के मन में उल्लास रूप विद्यमान थे। गोकुल की पवित्र धरा को बारंबार प्रणाम।

# भारत की पूरी अर्थव्यवस्था प्रभावित होगी

एआई के नए टूल्स आने से ना सिर्फ भारतीय टेक क्षेत्र, बल्कि समग्र अर्थव्यवस्था पर आशंकाएं मंडरा रही हैं। गौरतलब है कि गुजरे तीन दशकों में भारत में टेक सेक्टर उपभोक्ता मध्य वर्ग निर्मित करने वाला प्रमुख कारोबार रहा है।जिस समय बड़ी टेक कंपनियों के शेयर भाव में गिरावट का सिलसिला थम नहीं रहा है, नेशनल एसोसिएशन ऑफ सॉफ्टवेयर एवं सर्विस कंपनीज (नैसकॉम) की बैठक पर निगाहें टिकना लाजिमी है। दुनिया में तकनीक सेवादाता कंपनियों के शेयरों के भाव में गिरावट का सीधा कारण आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के नए टूल्स का सामने आना है। खासकर अमेरिकी कंपनी एंथ्रोपिक ने अपने क्लाउड ऐप पर ऐसी सेवाएं दी हैं, जिनसे राय बनी है कि वे वो काम करने में सक्षम हैं, जिनकी सेवाएं टीसीएस, इन्फोसिस, विप्रो आदि जैसी टेक कंपनियां देती रही हैं। इसलिए इस महीने ऐसी भारतीय कंपनियों के शेयरों के भाव रोजमर्रा के स्तर पर गिरे हैं।भारतीय टेक शेयरों में गिरावट का बड़ा कारण विदेशी निवेशकों का इनसे पैसा निकालना है। इस घटनाक्रम से ना सिर्फ भारत के टेक क्षेत्र, बल्कि समग्र अर्थव्यवस्था पर आशंकाएं मंडरा रही हैं। भारत में टेक सेक्टर अर्थव्यवस्था का सिर्फ एक क्षेत्र भर नहीं है। बल्कि गुजरे तीन दशकों में यह उपभोक्ता मध्य वर्ग निर्मित करने वाला प्रमुख कारोबार रहा है। पिछले साल टेक कंपनियों में 58 लाख कर्मी कार्यरत थे। आयकर आंकड़ों के मुताबिक भारत में स्थायी वेतन से होने वाली कुल आय में टेक कर्मियों का हिस्सा साढ़े 25 प्रतिशत से अधिक रहा। केंद्र सरकार के कर्मचारियों की कुल तनख्वाह से यह हिस्सा सवा तीन गुना ज्यादा है। एआई से यह क्षेत्र सिकुड़ा, तो जाहिर है, उससे भारत की पूरी अर्थव्यवस्था प्रभावित होगी। इसीलिए मंगलवार को हो रही नैसकॉम की बैठक को अहम माना गया है, जिसमें भारत में एआई को अपनाने की गति और उद्योगों पर उसका प्रभाव चर्चा का प्रमुख मुद्दा होंगे। भारतीय टेक कंपनियां आश्वासन देती रही हैं कि एआई के उपयोग से उनके कामकाज पर ज्यादा फर्क नहीं पड़ेगा। उनके मुताबिक एआई दौर की जरूरतों के मुताबिक वे तेजी से खुद को ढाल रही हैं।

संक्षिप्त समाचार...

## महिला के साथ अश्लील हरकत और छेड़छाड़

रुड़की (संवाददाता)। क्षेत्र में एक महिला के साथ आरोपी ने अश्लील हरकत और छेड़छाड़ कर दी। पीड़िता के पति की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर में एक व्यक्ति ने बताया कि बीती 28 फरवरी की रात उसकी पत्नी पास के ही एक डॉक्टर के पास से लौट रही थीं। आरोप है कि घर के सामने आरोपी हकीकत ने महिला के सामने अश्लील हरकतें कर उससे छेड़छाड़ शुरू कर दी। शोर-शराबा सुनकर जब आसपास के लोग मौके पर जमा हुए तो आरोपी ने पीड़िता को जान से मारने की धमकी दी। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि आरोपी पहले भी कई बार इस तरह की हरकतें कर चुका है।

## महिला की दो लग्जरी कारें लेकर फरार हुए जालसाज

रुड़की (संवाददाता)। शातिर ठगों ने एक महिला का भरोसा जीतकर उसकी दो कीमती लग्जरी कारें किराये पर ले लीं और फरार हो गए। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर एक महिला समेत नजीबाबाद निवासी चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कलियर निवासी बबली पत्नी अनीस ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि दो अगस्त 2025 को नजीबाबाद निवासी परिचित कारी फेजूदीन अपने साथ दो पुरुषों और एक महिला को लेकर उनके घर पहुंचा। आरोपियों ने खुद को एक प्रतिष्ठित स्कूल का प्रधानाचार्य और शिक्षक बताया। उन्होंने झांसा दिया कि उनके स्कूल को वाहनों की सख्त जरूरत है और बबली अपनी दो कारें किराये पर देती हैं, तो उन्हें हर महीने समय पर भुगतान किया जाएगा। परिचित होने और आरोपियों के पद पर विश्वास कर महिला ने अपनी दोनों गाड़ियां उन्हें सौंप दीं।

## पुलिस ने लौटाए खोए 18 मोबाइल

रुड़की (संवाददाता)। पुलिस ने लौटाए खोए 18 मोबाइल लक्सर। कोतवाली पुलिस ने लाखों रुपये कीमत के 18 मोबाइल फोन बरामद कर उनके मालिकों को सौंप दिए। मोबाइल वापस मिलने पर लोगों के चेहरों पर खुशी साफ झलकती नजर आई। कोतवाली पुलिस के मुताबिक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर ऑपरेशन रिकवरी चलाया जा रहा है। इसके तहत खोए हुए मोबाइल फोन बरामद कर उनके स्वामियों को सौंपे जा रहे हैं। कोतवाली के एसएसआई नितिन चौहान ने बताया कि पुलिस ने सीईआईआर के माध्यम से 18 मोबाइल फोन रिकवर किए हैं, जिनकी कुल कीमत 3 लाख 3 हजार 562 रुपये है। उन्होंने बताया कि ये मोबाइल फोन उत्तराखंड सहित उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा और पंजाब आदि राज्यों से बरामद किए गए हैं।

## तेज हवाओं से गेहूं की फसल गिरी, किसानों को भारी नुकसान की आशंका

रुड़की (संवाददाता)। कई दिनों से लगातार चल रही तेज हवाओं के कारण किसानों के खेतों में खड़ी गेहूं की फसल पानी लगाते ही गिरती जा रही है। इससे किसानों को गेहूं की फसल में मुनाफे की जगह नुकसान की आशंका सताने लगी है। कस्बा झबरेड़ा व ग्रामीण क्षेत्र के किसान गुड्डू वर्मा, राजपाल, यशवीर, कपिल सैनी, रोहताश, कुलदीप, प्रदीप, सुखपाल, योगेश त्यागी, प्रमोद, बीरम सिंह आदि का कहना है कि किसान के भाग्य की लकीरें मौसम की मेहरबानी पर टिकी होती हैं। पिछले कुछ दिनों से चल रही तेज हवाओं के चलते क्षेत्र में जिन खेतों में गेहूं की फसल को पानी दिया गया है, वह जमीन पर बिछ गई है। गेहूं की फसल में बाली आने के समय एक सिंचाई अवश्य की जाती है, जिससे दाना स्वस्थ और पुष्ट हो सके।

## गोवंश से लदे वाहन को पुलिस ने पकड़ा, एक पशु मृत

रुड़की (संवाददाता)। खानपुर क्षेत्र के दाबकी खेड़ा गांव के पास एक वाहन में लदे सात गोवंशीय पशुओं को हिंदू संगठन के लोगों ने पकड़ लिया। सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। वाहन में लदे पशुओं में से एक मृत पाया गया। वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। खानपुर थाने के एसएसआई मंसूर अली ने बताया कि मंगलवार सुबह हिंदू संगठन के कुछ लोगों ने सूचना दी कि दाबकी खेड़ा गांव के पास उन्होंने गोवंश से लदा एक वाहन पकड़ा है। वाहन में सात पशु लदे हुए थे, जिनमें से एक की मृत्यु हो चुकी थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।

## फूलों की होली खेल दी त्योहार की शुभकामनाएं

रुड़की (संवाददाता)। रूप चंद शर्मा एजुकेशन ट्रस्ट की ओर से संचालित बिशंभर सहाय ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के प्रांगण में मंगलवार को फूलों की होली मनाई गई। सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं और कर्मचारियों ने होली पर प्रेम और सद्भाव का संदेश दिया। संस्थान के सचिव चंद्र भूषण शर्मा ने कहा कि होली का पर्व जीवन में नई ऊर्जा और उमंग का संचार करता है। फूलों की होली की परंपरा अत्यंत प्राचीन और सात्विक है।

# सबको सुरक्षित निकालने का प्रयास कर रही सरकार: सीएम धामी

हरिद्वार (संवाददाता)। ईरान और इजरायल में बढ़ते तनाव के बीच मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि राज्य सरकार पूरी तरह सतर्क है और सभी एजेंसियों को अलर्ट मोड पर रखा गया है। मंगलवार को हरिद्वार पहुंचे मुख्यमंत्री ने मीडिया के सामने स्पष्ट किया कि खाड़ी देशों में फंसे उत्तराखंड के लोगों को सुरक्षित वापस लाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। राज्य सरकार लगातार विदेश मंत्रालय और प्रधानमंत्री कार्यालय के संपर्क में है। धामी ने कहा कि विदेशों में मौजूद उत्तराखंडियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। वहां रह रहे लोगों से भी संपर्क साधा जा रहा है। उन्हें सुरक्षित भारत लाने की व्यवस्था जल्द की जाएगी। उन्होंने दो टूक कहा कि सबको सुरक्षित निकाला जाएगा। इस दौरान गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पांडेय और डीएम मयूर दीक्षित ने अब तक की तैयारियों से अवगत कराया। एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर ने यातायात-पार्किंग व्यवस्था की रूपरेखा रखी। इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, जिला पंचायत अध्यक्ष किरन चौधरी, मेयर किरन जैसल, प्रदेश महामंत्री (संगठन) अजेय कुमार, प्रदेश महासचिव अनिल गोयल, विधायक मदन कौशिक, आदेश चौहान और प्रदीप बत्रा, दर्जाधारी ओम प्रकाश जमदग्नि, अजीत चौधरी, जयपाल सिंह चौहान, देशराज कर्णवाल, शोभाराम प्रजापति, भाजपा जिलाध्यक्ष आशुतोष शर्मा, आईजी-गढ़वाल राजीव स्वरूप, एडीजी एपी अंशुमन, महानिदेशक-सूचना बंशीधर तिवारी, एमडी-सिडकुल सौरव गहरवार, एसपी-अभिसूचना मणिकांत मिश्रा, सीडीओ ललित नारायण मिश्रा, एडीएम पीआर चौहान, अपर मेलाधिकारी दयानंद सरस्वती, सचिव एचआरडीए मनीष कुमार, एसडीएम जितेंद्र कुमार, एसपी सिटी अभय प्रताप सिंह और सीओ सिटी शिशुपाल सिंह नेगी मौजूद रहे। सात मार्च से पहले हरिद्वार में हाई अलर्ट केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के सात मार्च को प्रस्तावित हरिद्वार दौरे से पहले प्रशासन ने पूरी ताकत झोंक दी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को बैरागी कैंप पहुंचकर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने अफसरों को निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध तरीके से पूरी हों।



# होली से पहले प्रेम-प्रसंग में युवती ने लगाई फांसी

हरिद्वार (संवाददाता)। सिडकुल थाना क्षेत्र में 24 वर्षीय युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। शुरुआती जांच में यह मामला प्रेम-प्रसंग से जुड़ा बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार, बीती रात रोशनाबाद के बिंदर पाल ने बताया कि शनि मंदिर के पास एक युवती ने फांसी लगा ली है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। मौके पर जांच के दौरान पता चला कि युवती का परिवार मूल रूप से बिजनौर के नागल सोती का है। वह रोशनाबाद में किराये पर रह रही थी। युवती सिडकुल क्षेत्र की एक कंपनी में नौकरी करती थी। पुलिस के अनुसार, परिवार की ओर से उसकी शादी कहीं और तय की जा रही थी, जबकि युवती किसी युवक से प्रेम करती थी। बताया जा रहा कि वह शाहजहांपुर के युवक के संपर्क में थी। कुछ दिन पहले उसने तबीयत खराब होने की बात कहकर घर जाने से इनकार कर दिया था। प्रारंभिक जांच में मामला प्रेम-प्रसंग से जुड़ा प्रतीत हो रहा है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। सिडकुल थाना प्रभारी निरीक्षक नितेश शर्मा ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं।

### नई उड़ान भारत फाउंडेशन ने किन्नर समाज के साथ मनाया होली मिलन समारोह

हरिद्वार (संवाददाता)। नई उड़ान भारत फाउंडेशन ने होली को सामाजिक समरसता, स्वच्छता और नशामुक्ति के संदेश के साथ मनाया। किन्नर समाज के साथ होली मिलन में ब्रांड एंबेसडर सोनिया बुआ को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। मंगलवार को एक होटल में फूलों और सूक्ष्म गुलाल से होली खेली गई। इसके बाद किन्नर समाज के सदस्यों को सम्मानित किया गया। सबने एक-दूसरे के अनुभव साझा किए और समाज में समानता, स्वीकार्यता और आपसी प्रेम को मजबूत करने की बात कही। इसके बाद किन्नर समाज और भारत फाउंडेशन की महिलाएं रानीपुर मोड़ और आसपास के बाजारों में पहुंचीं।

# वेतन नहीं मिलने से नाराज श्रमिकों ने शुरू की टूल डाउन हड़ताल

विकासनगर (संवाददाता)। व्यासी बांध परियोजना में कार्यरत श्रमिकों ने कार्यदायी संस्था पर वेतन नहीं देने का आरोप लगाते हुए मंगलवार से टूल डाउन हड़ताल शुरू कर दी है। संविदा श्रमिक संघ के बैनर तले हड़ताल कर रहे श्रमिकों ने आरोप लगाया कि कार्यदायी संस्था और उत्तराखंड जल विद्युत निगम लिमिटेड (यूजेवीएनएल) उनका आर्थिक, मानसिक और शारीरिक शोषण कर रही है। इस मौके पर संविदा श्रमिक संघ के अध्यक्ष नवीन तोमर ने कहा कि कार्यदायी संस्था लंबे समय से उन्हें सैलरी समय पर नहीं दे रही है। होली को देखते हुए श्रमिक मार्च माह के पहले दिन सैलरी दिए जाने की मांग कर रहे थे। अब तक उनको सैलरी नहीं दी गई है। इससे त्योहार के दौरान उनके सामने आर्थिक संकट गहरा गया है। इसके साथ उन्हें सैलरी स्लिप भी नहीं दी जा रही है। इससे जाहिर होता है कि उनकी सैलरी में अनियमितता बरती जा रही है। स्लिप में अधिक सैलरी दर्ज कर उन्हें कम पैसे दिए जाते हैं। इसके साथ कई अन्य जरूरी देयकों का भुगतान भी नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसी भी श्रमिक को ईएसआई की सुविधा नहीं दी जा रही है। इससे उन्हें बीमार होने पर आर्थिक संकट से जूझना पड़ता है जबकि कार्यदायी संस्था की ओर से हर माह ईएसआई के अंशदान की कटौती की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई श्रमिकों का ईपीएफ भी जमा नहीं किया जा रहा है। धरना-प्रदर्शन करने वालों में सुभाष, शताब्दी यादव, अमित तोमर, राजपाल, रविंद्र, बारू दत्त, जगत सिंह, सुनील खन्ना, अनिल कुमार, सुरेश, कैलाश तोमर, शमशेर सिंह, सत्यपाल सिंह, जगत सिंह और गजेंद्र सिंह आदि शामिल रहे।



# डामर उखाड़कर बिछाई मिट्टी, धूल के गुबार से लोग बेहाल

उत्तरकाशी (संवाददाता)। गंगोरी में बीआरओ की ओर से गंगोत्री हाईवे के डामरीकरण के नाम पर उखाड़ कर वहां पर नेताला भूस्खलन जोन से मिट्टी लाकर बिछा दी। इससे कारण वहां पर धूल उड़ने के कारण व्यापारियों और स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना है कि वे धूल से बचने के लिए दिनभर सड़क पर पानी का छिड़काव करने के लिए मजबूर हैं। साथ ही धूल से दुकानों और घरों में रखा सामान खराब हो रहा है। स्थानीय व्यापारी सुनील राणा, दिग्विजय नेगी, विकास राणा का कहना है कि गंगोरी पुल के समीप बाजार में गंगोत्री हाईवे मात्र वन विभाग के बैरियर के समीप क्षतिग्रस्त था। बीआरओ की ओर से सड़क सुधारीकरण के नाम पर गंगोरी पुल के दोनों पहले सड़क पर बिछाया गया डामर उखाड़ा गया। उसके बाद वहां पर डामरीकरण बिछाने के स्थान पर नेताला भूस्खलन जोन से लाई गई मिट्टी को बिछा दिया गया। इससे अब पूरे बाजार सहित आसपास के घरों में लोग सड़क पर उड़ने वाली धूल के कारण परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इससे जहां एक ओर दुकानों और घरों में रखा सामान खराब हो रहा है वहीं दूसरी ओर धूल के कारण सांस सहित खांसी आदि बीमारी का खतरा भी बना हुआ है। स्थानीय व्यापारियों औ लोगों को दिनभर सड़क पर धूल से बचने के लिए छिड़काव करना पड़ता है। उनका कहना है कि कई बार मांग की जा चुकी है कि सड़क पर मिट्टी के स्थान पर डामर बिछाकर वहां पर स्थिति को सुधारा जाए लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर इस प्रकार की स्थिति रही तो उन्हें बीआरओ के खिलाफ प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

## कठूली, चौरा और भरपूर नहर में फिर पानी चलने की जगी उम्मीद

नई टिहरी (संवाददाता)। लंबे इंतजार के बाद टिहरी जिले की तीन सिंचाई नहरों की मरम्मत होने की उम्मीद जगी है। नहरें क्षतिग्रस्त होने के कारण काश्तकारों को सिंचाई में दिक्कत होती है। जर्जर नहरों की मरम्मत के लिए सिंचाई विभाग को लगभग डेढ़ करोड़ की वित्तीय स्वीकृति मिल गई है। टेंडर की प्रक्रिया पूरी करने के बाद आगामी अप्रैल से नहरों पर पुनर्निर्माण कार्य शुरू होगा। जाखणीधार ब्लॉक के कठूली नहर पिछले तीन-साल से क्षतिग्रस्त थी। सिंचाई करने के लिए खेतों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा था जिससे काश्तकारों को दिक्कतों का समाना करना पड़ रहा था। स्थानीय लोग लंबे समय से नहर मरम्मत करने के लिए सिंचाई विभाग के अधिकारियों पर दबाव बनाए हुए थे लेकिन विभागीय अधिकारी बजट का अभाव बताकर पल्ला झाड़ते आ रहे थे। प्रतापनगर ब्लॉक की भरपूर नहर लंबगांव-रावतगांव-बिजपुर-पनियाला सड़क निर्माण के दौरान जगह-जगह क्षतिग्रस्त हो गई थी। नहर में मलबा भरने से खेतों तक सिंचाई के लिए पानी पहुंचाना किसानों के लिए टेढ़ी खीर बनी हुई थी। जाखणीधार ब्लॉक की चौरा नहर भी लंबे समय से जर्जर बनी हुई थी। सिंचाई के अभाव में काश्तकार खेती करने में रूचि नहीं ले पा रहे थे। खेत बंजर होते जा रहे थे। नहरों की मरम्मत के लिए बजट न मिलने से काश्तकारों में शासन-प्रशासन के प्रति आक्रोश बढ़ता जा रहा था। स्थानीय लोग जनता दरबार, तहसील दिवसों में अधिकारियों से नहरों की मरम्मत करने की गुहार लगाते आ रहे थे। लंबे इंतजार के बाद अब नहरों की मरम्मत के लिए धनराशि की स्वीकृति मिलने से काश्तकारों को बंजर खेत आबाद होने की उम्मीद जगी है। कठूली, चौरा और भरपूर नहरों पर मरम्मत कार्य के लिए वित्तीय स्वीकृति मिली चुकी है। टेंडर की प्रक्रिया पूरी कर जल्द क्षतिग्रस्त नहरों पर मरम्मत कार्य शुरू किया जाएगा।

## शादी समारोह में शराब पिलाने पर लगेगा 21 हजार का जुर्माना

नई टिहरी(संवाददाता)। थौलधार ब्लॉक के ग्राम पंचायत बेरगणी में महिला मंगल दल ने बैठक कर गांव में शराब बंदी का प्रस्ताव पारित किया। शराब बंदी के बाद शादी-समारोह शराब पिलाने वालों पर ग्राम पंचायत 21 हजार रुपये का जुर्माना लगाएंगी। महिला मंगल दल की अध्यक्ष रश्मि सजवाण और ग्राम प्रधान युद्धवीर सिंह रावत की अध्यक्षता में ग्रामीणों की बैठक हुई। महिला मंगल दल की अध्यक्ष रश्मि ने बताया सभी ग्रामीणों की सहमति के बाद शादी, मुंडन, दुर्गा पूजा (अष्टमी) एवं अन्य मांगलिक और धार्मिक कार्यक्रमों में शराब को पूर्ण रूप से प्रतिबंध कर दिया है। शादी-समारोह में शराब के कारण गरीब और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों पर अतिरिक्त भार पड़ता है। साथ ही लड़ाई-झगड़े की संभावना बढ़ जाती है। समाज में गांव की छवि खराब होती है।

## होली पर जिलेभर में 600 पुलिसकर्मी करेंगे निगरानी

नई टिहरी (संवाददाता)। होली के त्योहार को शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने जिलेभर में व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए हैं। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस बार 600 पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है, जो विभिन्न स्थानों पर सुरक्षा, यातायात व्यवस्था और शांति बनाए रखने की जिम्मेदारी संभालेंगे। एसएसपी आयुष अग्रवाल ने बताया कि सभी थाना प्रभारियों और चौकी इंचार्जो को होली के मद्देनजर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए जा चुके हैं संवेदनशील स्थानों और मुख्य चौराहों पर विशेष पुलिस दस्ते तैनात किए गए हैं इसके साथ ही खुफिया तंत्र को भी सक्रिय कर दिया गया है, जिसके कर्मचारी सादी वर्दी में संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखेंगे। शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसएसपी ने बताया कि होली से पहले टैक्सी यूनियनों और वाहन संचालक कंपनियों के साथ बैठक की जा चुकी है।

## टिहरी में चार दिनों तक रहेगा 300 फुटबाल खिलाड़ियों का जमावड़ा

नई टिहरी (संवाददाता)। टिहरी झील महोत्सव के दौरान इस बार खेल प्रेमियों के लिए खास आकर्षण फुटबाल प्रतियोगिता रहेगी। 6 से 9 मार्च तक जिला मुख्यालय नई टिहरी के बौराड़ी स्टेडियम में चार दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा जिसमें प्रदेश और बाहरी राज्यों की 17 टीमें प्रतिभाग करेंगी। नगर पालिका अध्यक्ष मोहन सिंह रावत ने बताया कि प्रतियोगिता का शुभारंभ 6 मार्च को होगा। फाइनल मुकाबला 9 मार्च को खेला जाएगा। प्रतियोगिता का आयोजन भारत के प्रथम कमांडर-इन-चीफ रहे जनरल के0एम करियप्पा की स्मृति में किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में दिल्ली पुलिस, हरियाणा, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, 24 गढ़वाल राइफल सहित उत्तराखंड की विभिन्न टीमें भाग लेंगी। प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए लगभग 300 खिलाड़ियों और टीम अधिकारियों के नई टिहरी पहुंचने की संभावना है। प्रतियोगिता के विजेता टीम को एक लाख रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 51 हजार रुपये और तृतीय स्थान पर रहने वाली टीम को 25 हजार रुपये की धनराशि दी जाएगी। प्रतियोगिता के सफल आयोजन को लेकर इन दिनों तैयारियां जोरशोर से चल रही है। मैदान की साज-सज्जा, दर्शक दीर्घा की व्यवस्था और खिलाड़ियों के ठहरने सहित अन्य व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। पालिकाध्यक्ष रावत का कहना है कि फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजन से स्थानीय खिलाड़ियों को बेहतर मंच मिलेगा। नई टिहरी में खेल के साथ ही पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने बताया कि 7 मार्च को पेंटिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी।

## जरड़ा-नरयूंका मार्ग के डामरीकरण को मिली 25 करोड़ की मंजूरी

उत्तरकाशी (संवाददाता)। पीएमजीएसवाई के तहत जरड़ा नरयूंका मोटर मार्ग का डामरीकरण एवं सुधारीकरण होने से एक दर्जन से अधिक गांवों के लोगों की आवाजाही सुगम होगी। धारी कफनौल क्षेत्र के निवासियों का ब्लॉक मुख्यालय तक का सफर लगभग 12 किमी कम हो जाएगा। जरड़ाख़नरयूंका मोटर मार्ग के डामरीकरण और सुधार कार्य के लिए भेजी गई डीपीआर को स्वीकृति मिलने के बाद विभाग ने निविदाएं आमंत्रित कर ली हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण अवसंरचना विकास एजेंसी ने परियोजना के लिए 25 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की है जिससे सड़क का सुदृढ़ीकरण और डामरीकरण किया जाएगा। इस कार्य से जरड़ा, छुड़ी, तेड़ा, तियां, बजलाड़ी, नरयूंका, पालुका, खाबला, धारी और कलोगी सहित एक दर्जन से अधिक गांवों को लाभ मिलेगा। धारी कफनौल क्षेत्र के लोगों को अब ब्लॉक मुख्यालय पहुंचने के लिए पहले की तुलना में 12 किमी कम दूरी तय करनी पड़ेगी। अभी तक लोगों को कुंवाख़ कफनौल मोटर मार्ग से होकर लगभग 40 किमी की दूरी तय करनी पड़ती थी। वर्ष 2010 में बने मोटर मार्ग का लोक निर्माण विभाग डेढ़ दशक बाद भी डामरीकरण नहीं कर पाया जिससे ग्रामीणों को जोखिमभरी आवाजाही करनी पड़ रही थी। वर्षा ऋतु में मार्ग से जुड़े गांवों के काश्तकारों को नकदी फसलों को मंडी तक पहुंचाने में भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। अब पीएमजीएसवाई पुरोला को हस्तांतरण के बाद सड़क के डामरीकरण और सुधारीकरण का मार्ग प्रशस्त हो गया है। विभाग के ईई योगेंद्र कुमार ने बताया कि जरड़ा नरयूंका मोटर मार्ग के डामरीकरण के लिए 24 करोड़ पिचहत्तर लाख की धनराशि स्वीकृत हुई है, जिसके लिए निविदा आमंत्रित की गई है।

## होली में देहरादून में बढ़ जाती है नशे की खपत

उत्तरकाशी (संवाददाता)। मोरी पुलिस टीम ने होली की आड़ में चरस की तस्करी करने वाले युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक से पुलिस ने एक किलो 348 ग्राम चरस बरामद कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर किया है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि होली के त्योहार में देहरादून में खपत बढ़ जाती है।।थानाध्यक्ष मोरी दीपक रावत के नेतृत्व में थाना मोरी पुलिस की टीम ने बीती सोमवार रात्रि को चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान मोरी, बागी मौताड बैंड के पास आयुष ठाकुर, विकासनगर देहरादून की कार की तलाशी ली गई। वाहन से पुलिस टीम ने एक किलो से अधिक चरस पकड़ी। पुलिस पूछताछ में युवक ने बताया कि होली के त्योहार के दौरान नशीले पदार्थों की खपत को देखते हुए वह चरस को देहरादून क्षेत्र में बेचने की फिराक में था। पुलिस की ओर से आरोपी के आपराधिक इतिहास की जानकारी खंगाली जा रही है। पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश किया है। पुलिस टीम की सफलता पर एसपी कमलेश उपाध्याय ने ढाई हजार का पारितोषिक दिया है। एसपी कमलेश ने बताया कि त्योहार के दौरान अवैध मदक पदार्थों की तस्करी में लिप्त लोगों एवं अनैतिक गतिविधियों पर पुलिस द्वारा पैनी नजर रखी जा रही है। नशा, अवैध गतिविधियों, ड्रंक एंड ड्राइव व यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ लगातार प्रभावी चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

### लाखों की लागत पर फिरा पानी, सीधे भागीरथी में गिर रहा सीवेज

उत्तरकाशी (संवाददाता)। नगर क्षेत्र के गंगोरी में लाखों की लागत से बना सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट जर्जर होने के साथ ही उसके आसपास झाड़ियां उग पाई है। इससे एक बड़ा क्षेत्र अभी तक सीवरेज ट्रीटमेंट योजना से नहीं जुड़ पाया है। इससे सीवेज प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से सीधा अस्सी गंगा और भागीरथी नदी में जा रहा है लेकिन निर्माण एवं अनुरक्षण ईकाई (गंगा) पेयजल निगम की ओर से इसके सुधारीकरण के लिए कदम नहीं उठाए गए हैं। पूर्व सभासद देवेंद्र चौहान ने कहा कि गंगोरी क्षेत्र को सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट से जोड़ने के लिए वर्षों पूर्व विभाग की ओर से निर्माण तो किया गया लेकिन उसके बाद लाखों की धनराशि खर्च करने के बाद अभी तक इसका प्रयोग नहीं हो पाया है। साथ ही भागीरथी नदी में आई बाढ़ में भी इसका कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया था। निर्माण एवं अनुरक्षण ईकाई (गंगा) पेजयल निगम की अनदेखी के कारण गंगोरी का एक बड़ा क्षेत्र अभी तक सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट से नहीं जुड़ पाया है जबकि पिछले पांच से छह वर्षों में गंगोरी में जनसंख्या में लगातार वृद्धि हुई है। स्थानीय लोगों की ओर से सीवरेज गड्ढे बनाकर ही उसको नालियों आदि से जोड़ा जा रहा है। इससे नालियों से सीवरेज सीधा नदियों में जा रहा है जो कि गंगा स्वच्छता पर एक बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है। क्षेत्र ईको सेंसटिव जोन के तहत आता है। चौहान ने कहा कि जिला प्रशासन को इसका संज्ञान लेकर सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट को शुरू करवाना चाहिए। इससे एक बड़ा क्षेत्र प्लांट से जुड़ पाएगा और गंगा भी स्वच्छ रहेगी। विभाग के परियोजना प्रबंधक मानवेंद्र कफोला का कहना है कि गंगोरी के प्लांट को नई योजना में शामिल किया गया है। जल्द ही इसका सुधारीकरण किया जाएगा।

हिन्दी दैनिक जोखिम

# अमित शाह के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों का सीएम धामी ने लिया जायजा

देहरादून (संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को हरिद्वार स्थित बैरागी कैंप में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह के प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री का उत्तराखण्ड आगमन राज्य के लिए महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने निर्देश दिए कि कार्यक्रम की सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं समयबद्ध रूप से सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने मंच व्यवस्था, बैठने की व्यवस्था, पार्किंग, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, स्वच्छता तथा यातायात प्रबंध न सहित सभी व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए तथा पुलिस एवं प्रशासन आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर आने वाले आमजन की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। साथ ही, चिकित्सा सुविधा, आपातकालीन सेवाओं एवं अग्निशमन व्यवस्था को पूर्ण रूप से तत्पर रखने को कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में अनुशासन, पारदर्शिता एवं सुचारू संचालन सर्वोपरि है। उन्होंने सभी



विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने यातायात व्यवस्था को सुदृढ करने हेतु पुलिस को पुरा प्लान तैयार करने के निर्देश दिये उन्होने कहा कि शहर में किसी भी प्रकार की जाम की स्थिति न हो यातायात सुचारू रहें ताकि आमजनमानस को असुविधा न होने पाये। निरीक्षण के दौरान आयुक्त गढ़वाल विनय शंकर पाण्डे एवं जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कि जा रही तैयारियों एवं व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह भुल्लर ने यातायात व्यवस्था एवं वाहनों के पार्किंग व्यवस्था के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान राज्यसभा सांसद एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, जिला पंचायत अध्यक्ष किरन चौधरी, मेयर हरिद्वार किरन जैसल, विधायक मदन कौशिक, आदेश चौहान, प्रदीप बत्रा, भाजपा जिलाध्यक्ष आशुतोष शर्मा, पुलिस महानिरीक्षक गढ़वाल राजीव स्वरूप, अपर सचिव बंशीधर तिवारी, एमडी शिडकुल सौरव गैहरवार, मुख्य विकास अधिकारी ललित नारायण मिश्रा, सहित सम्बन्धित अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहें।

## विकासनगर में युवक अगवा एक लाख की फिरौती मांगी

विकासनगर (संवाददाता)।भोजावाला में कुछ बदमाशों ने एक युवक का घर से अपहरण कर लिया। इसके बाद बदमाशों ने अपहृत युवक की मां से फोन पर एक लाख रुपये की फिरौती मांगी। अपहृत युवक के परिजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अपहृत युवक को सकुशल बरामद कर लिया। वहीं, अपहरण करने वाले पांच बदमाशों को भी धर दबोचा। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए आरोपी नशे के आदी लोगों को टारगेट करते हैं। उन्हें नशे के मामले में जेल भेजने की धमकी देकर फिरौती वसूलते हैं। मंगलवार को कोतवाल विनोद गुसाईं ने बताया कि भोजावाला निवासी पुष्पा देवी पत्नी स्व. सुरेश पुंडीर ने पुलिस को तहरीर दी। उन्होंने बताया कि सोमवार शाम करीब पांच बजे एक कार में कुछ युवक उनके घर पहुंचे। वे जबरन घर में घुस गए। उन्होंने उनके बेटे शक्ति पुंडीर के साथ मारपीट की। उसे जबरन अपनी कार में बैठाकर अपने साथ ले गए। बताया कि आरोपियों ने स्वयं को किसी संगठन से जुड़ा बताया था। उनके साथ एक युवती भी थी। जिसने उनको बताया कि उन्हें अजयपाल ने भेजा है। पुष्पा देवी ने बताया कि अजयपाल से उनका विवाद चल रहा है। पीड़िता ने बताया कि घटना के थोड़ी देर बाद उनको लगातार कई कॉल आए। कॉल करने वाले ने एक लाख रुपये लेकर आने की बात कही। धमकी दी कि पैसे नहीं दिए तो युवक को वापस नहीं भेजा जाएगा। कोतवाल ने बताया कि पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर अगवा युवक की तलाश के लिए टीमों का गठन किया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से सुराग जुटाए। जांच के बाद देर रात अपहृत शक्ति पुंडीर को विकासनगर क्षेत्र से सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस ने वारदात में शामिल पांच आरोपियों को भी गिरफ्तार किया।

## पुलिस लाइन में विधि -विधान से हुआ होलिका दहन

अल्मोड़ा (संवाददाता)। होलिका दहन का पर्व पुलिस लाइन मैदान में पारंपरिक विधि-विधान के साथ मनाया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोडके ने परिवारजनों और पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में शुभ मुहूर्त पर पूजा-अर्चना कर होलिका दहन किया। इस अवसर पर एसएसपी ने उपस्थित पुलिस जवानों को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों ने मिलकर होली गीत गाए और एक-दूसरे को बधाई दी। माहौल में उत्साह और उल्लास का वातावरण बना रहा। होलिका दहन को अन्याय और अधर्म पर सत्य और भक्ति की विजय का प्रतीक बताते हुए अधिकारियों ने इसे आपसी सौहार्द और भाईचारे का पर्व बताया। कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी अल्मोड़ा बलवन्त सिंह, क्षेत्राधिकारी संचार राजीव कुमार टम्टा, क्षेत्राधिकारी अभिसूचना गोपाल दत्त जोशी, प्रतिसार निरीक्षक रमेश चन्द्र, यातायात प्रभारी दरबान सिंह और कोतवाली अल्मोड़ा प्रभारी निरीक्षक योगेश चंद्र उपाध्याय सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी और उनके परिजन मौजूद रहे।

**संक्षिप्त समाचार...**

### कांग्रेस ने कौलागढ़ छात्रावास में बच्चों संग मनाई होली

देहरादून (संवाददाता)। कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं ने कैंट विधानसभा क्षेत्र स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस छात्रावास में अपने घरों से दूर रह रहे बच्चों एवं गुरूजनों के साथ होली का पर्व उत्साह और उल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर सभी ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं तथा मिष्ठान वितरण कर पर्व की खुशियां साझा कीं। मंगलवार को छात्रावास में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस प्रवक्ता अभिनव थापर ने बच्चों का अनुशासन, ऊर्जा और उत्साह देखकर प्रसन्नता व्यक्त की। साथ ही छात्रावास निवासी दिगम्बर सिंह चौहान को कुश्ती में राज्य स्तर पर चयन के लिए बधाई देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि वे छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ अनुशासन, संस्कार और खेल गतिविधियों के लिए भी निरंतर प्रेरित कर रहे हैं, जो अत्यंत सराहनीय है।

### होली पर ट्रेनों में भीड़

देहरादून (संवाददाता)। होली पर देहरादून से चलने वाली ट्रेनों में यात्रियों की खूब भीड़ है। देहरादून से सूबेदारगंज जाने वाली लिंक एक्सप्रेस में सीट नहीं मिल पा रही है। यात्री दरवाजे पर लटक कर सफर करने को मजबूर हैं। ट्रेन के ज्यादातर कोच प्लेटफार्म पर लगते ही भर गए थे।

### दून अस्पताल में होली पर हाई अलर्ट, एमएस ने परखी तैयारियां

देहरादून (संवाददाता)। होली पर हुड़दंग और हादसों की आशंका पर दून अस्पताल में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। यहां पर अतिरिक्त डॉक्टरों की तैनाती की गई है, स्टाफ को सतर्क किया गया है। मंगलवार सुबह दून अस्पताल के एमएस डॉ. आरएस बिष्ट ने इमरजेंसी का निरीक्षण कर तैयारियों को परखा।

# कोटद्वार डिपो ने गढ़वाल वासियों के लिए बनाया विशेष रोडमैप

कोटद्वार होली पर्व पर गढ़वाल वासियों के लिए कोटद्वार रोडवेज डिपो ने मजबूत रोडमैप बनाया। कोटद्वार से दिल्ली के लिए काफी कम यात्री मिलने के बावजूद बसों को दिल्ली भेजकर गढ़वालवासियों को समय से उनके घर तक पहुंचाने में डिपो ने अहम भूमिका निबाही। कोटद्वार से दिल्ली के लिए आम दिनों में 15 से 18 बसें संचालित होती हैं। इसके अलावा एनसीआर में नोएडा, गुरुग्राम, फरीदाबाद के लिए एक-एक बस चलती है। होली पर्व पर दिल्ली व एनसीआर से बड़ी संख्या में गढ़वाल के लोगों के घरों को लौटने की जानकारी मिलने पर कोटद्वार डिपो से दिल्ली के लिए अतिरिक्त बस चलाई गई। दिल्ली एवं एनसीआर के लिए आम दिनों की तरह मंगलवार को भी गिने-चुने यात्री मिले। इसके बावजूद नजीबाबाद व बिजनौर डिपो पर पर्याप्त यात्री मिलने की उम्मीद के साथ दिल्ली रूट पर रवाना किया गया। सोमवार से दिल्ली से कोटद्वार आ रहीं बसों में यात्रियों की भीड़ नजर आई। एआरएम अनुराग पुरोहित ने बताया कि सभी नई बसों को दिल्ली रूट पर संचालित किया गया है। रविवार को आवश्यकता पड़ने पर दिल्ली से गुरुग्राम के लिए अतिरिक्त बस भेजी गई थी। एआरएम ने बताया कि दिल्ली से कनेक्ट पहाड़ पर संचालित बसों के बेहतर संचालन के लिए चालकों-परिचालकों को छुट्टी नहीं लेने के लिए कहा गया है। बुधवार को दुल्हेंडी को देखते हुए बस संचालन के लिए रोस्टर बनाया गया है।

# रोडवेज बस ने स्कूटी सवार दो टूरिस्ट युवकों को कुचल दिया



हल्द्वानी (संवाददाता)।/ नैनीताल हाईवे पर भीषण सड़क हादसे ने सभी को झकझोर कर रख दिया। रॉन्ग साइड से निकल रही रोडवेज बस ने स्कूटी सवार दो टूरिस्ट युवकों को कुचल दिया। हादसा इतना भयावह था कि बस दोनों युवकों को रौंदते हुए डिवाइडर तक घसीट ले गई।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बस काठगोदाम रोडवेज डिपो परिसर से गलत दिशा में बाहर आ रही थी। उसी समय सामने से आ रही स्कूटी उसकी चपेट में आ गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कूटी पूरी तरह चकनाचूर हो गई और दोनों युवक बस तथा डिवाइडर के बीच बुरी तरह फंस गए।बस-डिवाइडर के बीच फंसे रहे युवकहादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और राहत कार्य शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद दोनों घायलों को बस के नीचे से बाहर निकाला गया। गंभीर अवस्था में उन्हें निजी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है।हल्द्वानी से किराए पर ली थी स्कूटीपुलिस के अनुसार दोनों युवक पर्यटक हैं। वे हल्द्वानी से स्कूटी किराए पर लेकर नैनीताल घूमने जा रहे थे। इसी दौरान रोडवेज डिपो से रॉन्ग साइड निकल रही बस की चपेट में आकर यह दर्दनाक हादसा हो गया।बस और चालक हिरासत मेंघटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बस को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस यह जांच कर रही है कि चालक की लापरवाही किस स्तर तक थी और किन परिस्थितियों में बस रॉन्ग साइड से निकाली गई।यह हादसा एक बार फिर सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों की अनदेखी पर गंभीर सवाल खड़े करता है। जरा सी लापरवाही किसी की जिंदगी पर भारी पड़ सकती है।

# स्कॉर्पियो वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी

रामनगर (संवाददाता)। रामनगर के पीरूमदारा चौकी क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे 309 पर मंगलवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया,पीरूमदारा क्षेत्र में एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी, जिसमें बाइक सवार दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।पुलिस की मदद से को तुरंत रामनगर स्थित रामदत्त जोशी संयुक्त चिकित्सालय लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया और घायल मलकीत को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।हादसे के संबंध में मृतक के बेटे गगन दीप ने बताया कि उनके पिता सुबह अपनी बाइक से काशीपुर की ओर फैक्ट्री में ड्यूटी के लिए जा रहे थे,जैसे ही वह नई बस्ती के पास पहुंचे, तभी काशीपुर की दिशा से आ रही स्कॉर्पियो ने ओवरटेक करने के दौरान उनकी बाइक को टक्कर मार दी,टक्कर इतनी जोरदार थी कि वह सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए,मृतक की पहचान सोहन लाल पुत्र बनारसी लाल उम्र 63 साल निवासी भवानीपुर खुल्बे के रूप में हुई है,परिजनों के अनुसार सोहन लाल काशीपुर स्थित एक निजी कंपनी की बस में चालक के रूप में कार्यरत थे और रोजाना ड्यूटी पर आते-जाते थे।हादसे की सूचना मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई, परिजन अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वही दूसरी ओर गंभीर रूप से घायल मलकीत सिंह की हालत गंभीर होने पर चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया है। कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक महेंद्र प्रसाद ने बताया कि मृतक के शव को कब्जे में लेकर सरकारी अस्पताल के मोर्चरी में रखवाया गया है।बुधवार को पोस्टमार्टम की कार्यवाही की जाएंगी।

# फ्लैग मार्च का आयोजन किया


रामनगर (संवाददाता)। होली पर्व को लेकर वन एवं वन्यजीवों की सुरक्षा को लेकर होली पर्व के दौरान मानव-वन्यजीव संघर्ष न्यूनीकरण एवं वन एवं वन्यजीव सुरक्षा के तहत कार्बेट के पार्क वार्डन बिन्दर पाल के नेतृत्व में कार्बेट टाइगर रिजर्व की बिजरानी रेंज, सर्पदुली रेंज, सुरक्षा इकाई,रामनगर वन प्रभाग की कोसी रेंज एवं स्थानीय पुलिस बल के साथ गर्जिया वन परिसर से सांवल्दे वन परिसर तक फ्लैग मार्च का आयोजन किया गया। टीम द्वारा फ्लैग मार्च के लिए गर्जिया वन परिसर में एकत्रित हुए।पार्क वार्डन द्वारा स्टाफ की ब्रीफिंग की गयी और उक्त फ्लैग



मार्च के उद्देश्यों से अवगत कराते हुए होली पर्व के दौरान अवैध गतिविधियों पर कड़ी नजर एवं उन्हें विफल करने के लिए निर्देशित किया गया।वन एवं वन्यजीव संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही उन्हें कार्बेट टाइगर रिजर्व के अंतर्गत वन एवं वन्यजीवों की सुरक्षा के तहत नियमित रूप से विशेष सघन गश्त आदि करने के लिए निर्देशित किया गया और टीम को फ्लैग मार्च के लिए रवाना किया गया।

# मेडिकल स्टोर पर छापा मारकर भारी मात्रा में प्रतिबंधित नशीली दवाएं बरामद

उधम सिंह नगर (संवाददाता)। /उत्तराखंड को ड्रग्स फ्री देवभूमि बनाने के अभियान के तहत एसटीएफ ने बड़ी कार्रवाई की है। गदरपुर में एक मेडिकल स्टोर पर छापा मारकर भारी मात्रा में प्रतिबंधित नशीली दवाएं बरामद की गई हैं। मेडिकल स्टोर संचालक को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया है।एसटीएफ एसएसपी अजय सिंह के निर्देश पर नशे का कारोबार करने वालों के खिलाफ सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 2 मार्च को गदरपुर कोतवाली क्षेत्र के कुमार मेडिकल हॉल में ड्रग इंस्पेक्टर और स्थानीय पुलिस के साथ संयुक्त छापेमारी की। छापे के दौरान मेडिकल स्टोर से



भारी मात्रा में प्रतिबंधित नशीले कैप्सूल, टैबलेट और कफ सिरप बरामद किए गए।पुलिस के अनुसार बरामद दवाओं में 9416 नशीले कैप्सूल, 1300 अल्प्राजोलम टैबलेट और 51 बोतल कोडीन युक्त कफ सिरप शामिल हैं।कार्रवाई के दौरान मेडिकल स्टोर स्वामी राजकुमार (53 वर्ष), निवासी वार्ड नंबर 1 गदरपुर, को गिरफ्तार कर लिया गया। बरामदगी व्यावसायिक मात्रा में होने के कारण आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।एसटीएफ के एसएसपी अजय सिंह ने जनता से अपील की है कि नशे से दूर रहें और यदि कहीं नशा तस्करी की सूचना मिले तो तुरंत नजदीकी पुलिस स्टेशन या एसटीएफ से संपर्क करें। उन्होंने कहा कि ड्रग्स फ्री देवभूमि अभियान के तहत आगे भी इसी तरह की कार्रवाई जारी रहेगी

# शुभ मुहूर्त में हुआ होलिका दहन, सुबह 4 से 5:30 बजे तक गन्ना लेकर श्रद्धालुओं ने की पूजा-अर्चना

रामनगर (संवाददाता)। रामनगर में रंगों के महापर्व होली की शुरुआत परंपरागत आस्था और उल्लास के साथ हुई।मंगलवार सुबह मुहूर्त में विधि-विधान से होलिका दहन किया गया,ब्रह्म मुहूर्त में ही श्रद्धालु बड़ी संख्या में होलिका स्थल पर एकत्रित होने लगे थे। पूरे वातावरण में भक्ति, आस्था और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला,होलिका



दहन के अवसर पर श्रद्धालु अपने हाथों में गन्ना लेकर पहुंचे और पूजा-अर्चना की। मान्यता है कि गन्ना अर्पित करने से जीवन में समृद्धि, सुख-शांति और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में पूजा की, वहीं पुरुषों और बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक इस धार्मिक अनुष्ठान में भाग लिया,पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा संपन्न कराई गई, होलिका में अग्नि प्रज्वलित होते ही श्रद्धालुओं ने परिक्रमा की और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की, कई लोगों ने नई फसल के प्रतीक के रूप में गन्ने को अग्नि में अर्पित किया और एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं।होलिका दहन बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक माना जाता है। पौराणिक मान्यता के अनुसार, भक्त प्रहलाद की रक्षा के लिए भगवान विष्णु ने उसे अग्नि से सुरक्षित रखा था, जबकि अहंकारी होलिका अग्नि में भस्म हो गई थी। इसी आस्था के साथ हर वर्ष यह पर्व मनाया जाता है।सुबह के शांत वातावरण में जब अग्नि की लपटें उठीं, तो पूरे क्षेत्र में होली है के जयघोष गूंज उठे। इसके साथ ही रंगों के त्योहार की औपचारिक शुरुआत हो गई।अब लोग एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली के रंगों में सराबोर होने को तैयार हैं।

# भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया

रामनगर (संवाददाता)। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन रामनगर इकाई द्वारा ग्रीन वैली नगर पालिका परिसर में भव्य होली मिलन समारोहश का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वर्तमान छात्र-छात्राओं और पूर्व छात्र संघ पदाधिकारियों ने एकजुट होकर फूलों और गुलाल के साथ होली का त्यौहार बेहद धूमधाम से मनाया। समारोह की शुरुआत पारंपरिक कुमाऊँनी होली गीतों और लोक धुनों के साथ हुई, जिस पर छात्र जमकर थिरके।ष्कार्यक्रम में वर्तमान छात्रों के साथ-साथ पूर्व छात्र संघ पदाधिकारियों ने भी शिरकत की। वरिष्ठ साथियों ने नवागंतुक छात्रों के साथ



अपने अनुभव साझा किए और प्रेम व भाईचारे के साथ त्यौहार मनाने का संदेश दिया।वक्ताओं ने कहा कि होली का यह पर्व आपसी मतभेदों को भुलाकर प्रेम और सद्भाव को बढ़ावा देने का प्रतीक है। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन हमेशा से ही छात्र हितों के साथ-साथ हमारी सांस्कृतिक विरासतों को संजोने का कार्य करती रही है।पूर्व छात्र संघ पदाधिकारियों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से छात्रों के बीच संवाद और समन्वय बढ़ता है। नगर पालिका के ग्रीन वैली क्षेत्र में अबीर-गुलाल और उल्लास के बीच सभी ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष सुमित लोहनी, अमित कुमार,दीपक सिंह रावत ,सोनू तिवारी दीपक राणा,हरदीप सिंह आदि मौजूद रहें।

हिन्दी दैनिक जोखिम

# इंडस्ट्री में एक्ट्रेसेस पर परफेक्शन का दबाव होता है, एक्टिंग करियर के अनुभव को संदीपा धर ने किया साझा

अक्सर फिल्मों में कुछ किरदार ऐसे होते हैं जो कम समय के लिए आते हैं, लेकिन दर्शकों के दिल में गहरी छाप छोड़ जाते हैं। संदीपा धर द्वारा निभाए गए किरदार इन्हीं बातों का शानदार उदाहरण हैं। अपनी पहली फिल्म इसी लाइफ में से लेकर दो दीवाने शहर में तक, उन्होंने कई तरह के रोल निभाए।

संदीपा ने कहा कि अपने किरदारों के जरिए वह आज की महिलाओं की उस सच्चाई को सामने रखती हैं, जिस पर अक्सर खुलकर बात नहीं होती। इसके अलावा, उन्होंने इंडस्ट्री में परफेक्शन के दबाव के बीच खुद को कैसे तनावमुक्त रखती हैं, इस पर भी अपने विचार रखे।संदीपा ने अपने शुरुआती दिनों को याद किया और कहा, उस समय इंडस्ट्री को लेकर मेरी समझ सीमित थी, लेकिन जुनून काफी था। पहली फिल्म के दौरान मिली पहचान और अवॉर्ड नॉमिनेशन ने मुझे आत्मविश्वास दिया, मगर साथ ही जिम्मेदारी का एहसास भी कराया। समय के साथ मैंने समझा कि हर अवसर बड़ा नहीं होता, लेकिन हर अवसर महत्वपूर्ण हो सकता है।उन्होंने कहा, करियर के दौरान ऐसे भी मौके मिले, जब स्क्रीन पर समय कम था। लेकिन मेरा मानना है कि किरदार की सच्चाई और प्रस्तुति ही असली फर्क पैदा करती है। दर्शक अभिनय की प्रामाणिकता को महसूस करते हैं, चाहे भूमिका छोटी हो या बड़ी। यही सोच मुझे हर प्रोजेक्ट को समान गंभीरता से लेने के लिए प्रेरित करती है।संदीपा ने कहा, इंडस्ट्री में प्रतिस्पर्धा और तुलना आम बात है, और कई बार कलाकार खुद को कमतर महसूस करने लगते हैं। मुझे भी ऐसे दौर से गुजरना पड़ा। लेकिन इस अनुभव ने मुझे सिखाया कि बाहरी मान्यता से ज्यादा जरूरी आत्म-स्वीकृति है। इंडस्ट्री में परफेक्शन का दबाव बहुत होता है। लुक्स, फिटनेस और सोशल मीडिया पर इमेज... इन सबके बीच खुद को संतुलित रखना आसान नहीं होता। लगातार यह सुनना कि आपको और बेहतर दिखना चाहिए या और बदलना चाहिए, आत्मविश्वास को प्रभावित करता है। इसलिए मैंने खुद को स्वीकारने की हिम्मत जुटाई।संदीपा ने आगे डांस को अपने जीवन का अहम हिस्सा बताया। उन्होंने कहा, मैं एक ट्रेंड डांसर हूं और आज भी किसी मजबूत कहानी वाली डांस-आधारित फिल्म का इंतजार कर रही हूं। मेरे लिए डांस केवल कला नहीं, बल्कि अभिव्यक्ति का माध्यम है, जिसने मेरे अभिनय को भी समृद्ध बनाया है।



# टॉक्सिक से जारी हुआ पहला गाना तबाही, यश के साथ यूं दिखीं कियारा आडवाणी



अभिनेता यश की आगामी फिल्म टॉक्सिक का जबर्दस्त क्रेज देखा जा रहा है। बॉक्स ऑफिस पर यह इसी महीने रिलीज होने वाली है। इससे पहले होली के अवसर पर मेकर्स ने फिल्म का पहला गाना तबाही रिलीज कर दिया है।फिल्म टॉक्सिक का जब से एलान हुआ है, तभी से इसका क्रेज भी जबर्दस्त है। इसकी रिलीज को लेकर फैंस के बीच उत्साह है। आज मेकर्स ने फिल्म का पहला सिंगल रिलीज किया है। मगर, तबाही गाने को सिर्फ ऑडियो ट्रैक के तौर पर रिलीज किया गया है। इसका कोई वीडियो नहीं है। इसे लेकर नेटिजन्स नाराज नजर आ रहे हैं।

पिछले महीने ही मेकर्स ने पहले सिंगल का पोस्टर रिलीज किया था। पोस्टर में यश और कियारा आडवाणी समुद्र के किनारे एक-दूसरे के पास खड़े दिख रहे थे। विजुअल में पैशन और इंटेंसिटी का हिंट था, जिससे फैंस को फिल्म के टोन की एक झलक मिली। मगर, अब जब गाना रिलीज किया है, तो इसे सिर्फ बतौर ऑडियो लाया गया है। नेटिजन्स लिख रहे हैं, 02 मार्च को पहली अप्रैल वाली फीलिंग आ रही है। वहीं एक अन्य यूजर ने लिखा, वीडियो के लिए कृपया वोट करें।इस गाने को देशभर के ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने के लिए इसे कई भाषाओं में लॉन्च किया गया है। कंपोजर विशाल मिश्रा ने इसका म्यूजिक बनाया है, जबकि हर भाषा के लिए लिरिक्स अलग-अलग लिखे गए हैं। राज शेखर ने हिंदी लिरिक्स लिखे हैं। वहीं, योगराज भट ने कन्नड़ भाषा में गाने के लिरिक्स लिखे। रामजोगय्या शास्त्री ने तेलुगु लिरिक्स लिखे। विग्नेश शिवन ने तमिल लिरिक्स लिखे हैं और रफीक अहमद ने मलयालम लिरिक्स लिखे। बता दें कि टॉक्सिक के अब तक दो टीजर रिलीज हो चुके हैं। पहले टीजर में एक डार्क और वायलेंट दुनिया दिखाई गई थी। वहीं, दूसरे टीजर में यश ने बिना दाढ़ी वाले लुक में फैंस को सरप्राइज कर दिया। फिल्म का ट्रेलर 8 मार्च, 2026 को रिलीज होने की उम्मीद है। बता दें कि यह फिल्म 19 मार्च को रिलीज होगी। बॉक्स ऑफिस पर यह रणवीर सिंह की धुरंधर 2 से टकराएगी।

## नागा चौतन्य की एनसी24 का नया पोस्टर हुआ रिलीज, 5 मार्च को दिखेगी वृषकर्मा की खास झलक

नागा चौतन्य और कार्तिक दंडु की आगामी फिल्म का एक नया पोस्टर आज रिलीज किया गया है, जिसमें नागा चौतन्य एक्शन अवतार में नजर आ रहे हैं। पहले वृषकर्मा का नाम एनसी24 था। इस पोस्टर के साथ मेकर्स ने इसकी खास झलक को दिखाने का वादा करते हुए एक तारीख दी है, जिस दिन वृषकर्मा की खास झलक पेश की जाएगी।

मेकर्स ने इंस्टाग्राम पर नागा चौतन्य की 24वीं फिल्म वृषकर्मा का एक पोस्टर जारी किया है। इस पोस्टर में नागा चौतन्य एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। इस पोस्टर के साथ मेकर्स ने जानकारी दी है कि वृषकर्मा की खास झलक 5 मार्च, 2026 को दिखाई जाएगी।

## दृश्यम 3 की शूटिंग के दौरान शिवालिका ओबेरॉय ने प्रेग्नेंसी का एक्सपीरिएंस किया शेयर, अभिषेक पाठक के साथ को-प्रोडक्शन कहा

शिवालिका ओबेरॉय ने अपनी प्रेग्नेंसी को अभिषेक पाठक के साथ को-प्रोडक्शन बताया है। एक्ट्रेस ने आगे बताया कि उनके फिल्ममेकर पति अजय देवगन स्टारर दृश्यम के तीसरे पार्ट में बिजी हैं, जबकि वह मदरहुड की तैयारी पर फोकस कर रही हैं।शिवालिका ने इंस्टाग्राम पर अपने पति अभिषेक के साथ हाल ही में हुए मैटरनिटी शूट की कुछ तस्वीरें शेयर कीं। इसे जॉइंट वेंचर बताते हुए एक्ट्रेस ने मजाक में कहा कि दोनों के बीच डील हो गई थी।उन्होंने कैप्शन में लिखा, इसे को-प्रोडक्शन कहो। वह थ्रिलर बनाने में बिजी हैं। मैं एक इंसान बनाने में बिजी हूँ। डील हो गई थी।क्योंकि अभिषेक प्रेग्नेंसी के दौरान दृश्यम 3 की शूटिंग कर रहे हैं, शिवालिका ने पक्का किया कि वे इस सफर को जितनी चाहें उतनी मैटरनिटी फोटो के साथ डॉक्यूमेंट करें।एक्ट्रेस ने कहा, वह प्रेग्नेंसी के दौरान दृश्यम 3 की शूटिंग करते हैं, हम जितनी चाहें उतनी मातृत्व फोटो शूट करते हैं। दोनों प्रोडक्शन सक्सेसफुली चल रहे हैं!शिवालिका और अभिषेक पहली बार 2020 में विद्युत जामवाल की फिल्म खुदा हाफिज में काम करते हुए मिले थे। यह कहानी समीर नाम के एक लड़के की है, जो अपनी पत्नी नरगिस के साथ खुशियों भरी जिंदगी जी रहा है। लेकिन, जब नरगिस को ह्यूमन ट्रैफिकर्स किडनैप कर लेते हैं, तो उसे उसे बचाना पड़ता है।दोनों ने जुलाई 2022 में एक-दूसरे को अंगूठी पहनाई और आखिरकार फरवरी 2023 में शादी कर ली।शिवालिका ने 2019 में रिलीज हुई ये साली आशिकी से एक्टिंग में डेब्यू किया और बाद में 2020 में खुदा हाफिजघ से मशहूर हुईं। उन्हें आखिरी बार 2022 में खुदा हाफिजघ: चौप्टर 2 ख्र अग्नि परीक्षा में देखा गया था, जहाँ उन्होंने और विद्युत दोनों ने ओरिजिनल ड्रामा से अपने किरदार नरगिस और समीर को दोहराया था।दूसरी ओर, अभिषेक ने दृश्यम 2 डायरेक्ट की, जिसमें अजय देवगन, श्रिया सरन, तब्बू और अक्षय खन्ना थे। उन्होंने उड़ता चमन भी डायरेक्ट की है। अभिषेक ने प्यार का पंचनामा, प्यार का पंचनामा 2, सेक्शन 375 और खुदा हाफिजघ जैसी फिल्में भी प्रोड्यूस की हैं।दृश्यम 3 की बात करें तो, आने वाली फिल्म के मेकर्स ने दिसंबर में गोवा शेड्यूल शुरू कर दिया था। एक्टर जयदीप अहलावत भी इस फ्रेंचाइजी में शामिल हो गए हैं।दृश्यम एक ऐसे परिवार की दिलचस्प कहानी है जो एक चौंकाने वाले गायब होने के साये में फंसा हुआ है, एक पुलिसवाली का बेटा लापता हो जाता है, और वह विजय के परिवार को खत्म करने की धमकी देती है। अपने प्रियजनों की रक्षा करने का पक्का इरादा करके, विजय उन्हें सुरक्षित रखने में कोई कसर नहीं छोड़ता।



हिन्दी दैनिक जोखिम

# होली मिलन समारोह का आयोजन किया

ऋषिकेश(संवाददाता)। तीर्थनगरी में होली को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। विभिन्न संगठनों की ओर से मंगलवार को होली मिलन समारोह आयोजित किए, जिनमें होली के गीतों और नृत्यों की धूम रही। सभी ने फूलों से होली खेलकर आपसी सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया। मंगलवार को शीशम झाड़ी स्थित ज्ञान करतार आश्रम के श्री कात्यायनी मंदिर में होली मिलन कार्यक्रम हुआ। जिसका शुभारंभ उत्तराखंड महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने किया। उन्होंने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे पर्व हमारी संस्कृति को जोड़े रखने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम में नगर के सुप्रसिद्ध गायक श्याम बिरला ने राधा-कृष्ण के प्रेम और होली के प्रसंगों पर आधारित एक से बढ़कर एक मधुर गीत गाकर उपस्थित श्रद्धालुओं का दिल जीत लिया। उन्होंने ष्आज बिरज में होली रे रसिया..ष् जैसे गीतों की प्रस्तुति दी। भजनों की धुन पर महिलाओं ने जमकर नृत्य किया और उत्सव का आनंद लिया। इसके बाद गायक हरि कृष्ण गावड़ी ने श्री कृष्ण भजनो की प्रस्तुतियां दी। समापन पर सभी ने गरमा-गरम चाट-पकौड़ी और पारंपरिक व्यंजनों का लुत्फ उठाया और फूलों की होली खेली। मौके पर मंदिर के संस्थापक गुरविंदर सलूजा, केके सचदेवा, अजय ब्रेजा, विनोद जौहर, कमल शर्मा, हरीश अरोड़ा, नवल किशोर, संदीप मल्होत्रा, कमल राणा, नमिता सलूजा, किरण, सरिता, यशोदा, अंजू, राज, सोनम आदि उपस्थित रहे। उधर, श्री दुर्गा शक्ति मंदिर समिति द्वारा मनीराम मार्ग स्थित मंदिर प्रांगण में होली मिलन पर भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजन गायिका करुणा चौहान ने भजनों की प्रस्तुति दी। मौके पर मंदिर समिति अध्यक्ष संदीप मल्होत्रा, महामंत्री पंडित ज्योति शर्मा, राज्य महिला आयोग अध्यक्ष कुसुम कंडवाल, सविता रावल, मीनू मल्होत्रा, नीतू जुनेजा, मीनू अरोड़ा, मोनिका खट्टर, सतीश कक्कड़, प्रदीप कोहली, चंद्र बजाज, रूबी गाबा, संतोष शर्मा, गुरविंदर सलूजा, अनिल मेहरा, रमन नारंग, पंकज चावला, राजेश रावल, मीनू अरोड़ा आदि रहे। भाईचारे का संदेश देती है होली: रसिक महाराज रामलीला मैदान वनखंडी में सुभाष रामलीला कमेटी की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

# जिला अस्पताल में नहीं खुल पाई पुलिस चौकी

उत्तरकाशी(संवाददाता)। जिला अस्पताल में डॉक्टरों और कर्मचारियों के साथ मारपीट व अभद्रता की घटनाओं को लेकर कई बार चर्चाओं में रहा है। अस्पताल स्टाफ लंबे समय से परिसर में स्थायी पुलिस चौकी खोलने की मांग करता आया है लेकिन अब तक इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाया गया है। वर्ष 2017 में कोतवाली पुलिस उत्तरकाशी ने सुरक्षा व्यवस्था के तहत अस्पताल परिसर में अस्थायी पुलिस चौकी स्थापित की थी। उस समय तत्कालीन जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक की ओर से इसका विधिवत उद्घाटन भी किया गया था। हालांकि, बाद में किन्हीं कारणों से यह चौकी हटा दी गई। पिछले कुछ वर्षों में अस्पताल में डॉक्टरों और स्टाफ के साथ अभद्रता और मारपीट की घटनाएं बढ़ी है। गत वर्ष इमरजेंसी वार्ड में रात के समय डॉक्टरों और कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार का मामला सामने आया था। इसके बाद अस्पताल प्रबंधन ने पुलिस प्रशासन से स्थायी चौकी खोलने की मांग को फिर से प्रमुखता से उठाया। जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. पीएस पोखरियाल के अनुसार, कई बार मरीजों के तीमारदारों की ओर से डॉक्टरों के साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है। बीते वर्षों में सामने आए मामलों के कारण अस्पताल स्टाफ खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि डॉक्टरों और कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस चौकी का प्रस्ताव काफी पहले पुलिस प्रशासन को भेजा जा चुका है लेकिन अब तक अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई है। परिसर में स्थायी पुलिस चौकी खुलने से डॉक्टरों, स्टाफ और मरीजों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी और असामाजिक तत्वों पर प्रभावी अंकुश लगेगा। एसपी कमलेश उपाध्याय का कहना है कि अस्पताल परिसर में दोबारा चौकी खोलने के प्रस्ताव पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। इसकी प्रक्रिया गतिमान है।

## संक्षिप्त समाचार...

### रेलवे ट्रैक से गुजरते वक्त ट्रेन की चपेट में आए बुजुर्ग की मौत

देहरादून (संवाददाता)। दीप नगर में सोमवार देर रात रेलवे ट्रैक से गुजर रहे 59 वर्षीय बुजुर्ग की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। मृतक मजदूरी करते थे। एसओ नेहरू कॉलोनी संजीत कुमार ने सोमवार रात सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। इस दौरान पता लगा कि रेलवे ट्रैक से पैदल गुजरते वक्त राजेंद्र प्रसाद भट्ट निवासी दीपनगर ट्रेन की चपेट में आए। मौके पर ही उनकी मौत हो गई। रात को शव मोर्चरी में रखवाया। बुधवार सुबह पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया गया। इसके बाद शव मृतक के परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

### दून अस्पताल में होली पर हाई अलर्ट, एमएस ने परखी तैयारियां

देहरादून(संवाददाता)। होली पर हुड़दंग और हादसों की आशंका पर दून अस्पताल में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। यहां पर अतिरिक्त डॉक्टरों की तैनाती की गई है, स्टाफ को सतर्क किया गया है। मंगलवार सुबह दून अस्पताल के एमएस डॉ. आरएस बिष्ट ने इमरजेंसी का निरीक्षण कर तैयारियों को परखा। उन्होंने बताया कि इमरजेंसी में सर्जरी, ऑर्थो, ईएनटी, आई, स्किन और मेडिसिन विभाग के डॉक्टरों की अतिरिक्त तैनाती की गई है। 24 घंटे रोस्टर के हिसाब से डॉक्टर तैनात रहेंगे। बुधवार को घायलों की ज्यादा संख्या आने की आशंका के चलते एक शिफ्ट में ईएमओ भी दो रखने को निर्देशित किया है। उधर, कोरोनेशन अस्पताल के पीएमएस डॉ. मनु जैन ने भी इमरजेंसी स्टाफ को पूरी तैयारी रखने को निर्देशित किया है। संबंधित विशेषज्ञों को ऑन कॉल अलर्ट पर रहने की हिदायत दी गई है। प्रेमनगर और रायपुर अस्पताल में भी इमराजेंसी सेवाओं को मजबूत किया है। सीएमओ डॉ. मनोज शर्मा ने बताया कि जिले के सभी अस्पतालों को अलर्ट मोड पर रखा गया है। त्योहार के मद्देनजर डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ की रूटीन छुट्टियां नहीं होंगी, केवल विशेष परिस्थिति में ही आकस्मिक छुट्टी मिलेगी।

### घर के मंदिर से सोने के जेवरात और एक लाख नकद चोरी, नौकरानी पर शक

देहरादून(संवाददाता)। प्रेमनगर थाना क्षेत्र के श्यामपुर स्थित प्रगति एन्क्लेव में एक घर के मंदिर से सोने के जेवरात और एक लाख रुपये की नकदी चोरी हो गई। पीड़ित परिवार ने घर में काम करने वाली नौकरानी पर चोरी का शक जताया है। सोमवार को प्रेमनगर थाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। एसओ प्रेमनगर कुंदन राम ने बताया कि श्यामपुर ट्यूबवेल रोड की बुधई वेलफेयर सोसाइटी निवासी परमेंद्र सिंह थापा ने तहरीर दी। उन्होंने दीपावली पूजन के लिए गहने और एक लाख रुपये नकद निकालकर घर के मंदिर में एक छोटे बॉक्स में रखे थे। इसकी जानकारी सिर्फ परिवार के सदस्यों और उनकी नौकरानी अनीता को थी। पांच नवंबर को उनकी पत्नी कुसुम थापा पूर्णिमा स्नान के लिए हरिद्वार गई थीं। परमेंद्र अपनी दोनों बेटियों के साथ जरूरी काम से दिल्ली गए हुए थे। इस दौरान घर पर सुबह के समय सिर्फ नौकरानी ही आती थी। 22 नवंबर की रात जब बेटियां वापस लौटीं, तब पत्नी ने गहने और नकदी गायब होने की जानकारी दी।

# लेखक दिवस पर बाल रचनाकारों को नवाजा

ऋषिकेश (संवाददाता)। अंतर्राष्ट्रीय लेखक दिवस के अवसर पर मंगलवार को लेखक गांव थानो में आयोजित समारोह में भारत सहित विश्व के 65 से अधिक देशों के साहित्यकार एक मंच से जुड़े। इस दौरान वरिष्ठ लेखकों तथा विभिन्न देशों से ऑनलाइन जुड़े हिंदी एवं प्रवासी हिंदी साहित्यकारों को 'लेखक सम्मान' प्रदान किया गया। थानो स्थित लेख गांव में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि पद्मश्री कल्याण सिंह 'मैती' ने कहा कि लेखक गांव विश्व पटल पर साहित्य की एक विशिष्ट पहचान स्थापित करने का सार्थक कार्य कर रहा है। वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए यह अत्यंत आवश्यक है कि साहित्य समाज को मानवीय मूल्यों, संवेदनशीलता और सांस्कृतिक चेतना के प्रति जागृत करे। लेखक गांव इसी सृजनशील संकल्प के साथ साहित्य और समाज के मध्य एक सशक्त सेतु के रूप में उभर रहा है, जो शब्द की शक्ति के माध्यम से विश्व में सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में प्रेरक पहल कर रहा है। लेखक गांव के संरक्षक और पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल शनिशंकश ने कहा कि लेखक समाज का सजग द्रष्टा, चिंतक और संवेदना का सेतु होता है। उन्होंने घोषणा की कि रचनाशील लेखकों को लेखक गांव सशक्त मंच प्रदान करेगा। उनकी सृजनशीलता को गति देने के साथ ही उनके साहित्य को लेखक गांव प्रशासन के तहत प्रकाशित भी किया जाएगा। इसके लिए निकट भविष्य में कार्यशालाएं, संवाद सत्र एवं प्रकाशन योजनाएं प्रारंभ की जाएंगी। लेखक गांव की निदेशक विदुषी निशंक ने कहा कि लेखक गांव केवल एक स्थान नहीं, बल्कि सृजनात्मक चेतना का केंद्र है, जहां शब्दों के माध्यम से संस्कृति और संस्कारों का संवर्धन होता है। कार्यक्रम का ऑनलाइन संचालन जर्मनी से अंतर्राष्ट्रीय प्रवासी समन्वयक डॉ. शिप्रा शिल्पी ने किया, जबकि ऑफलाइन संचालन डॉ. बेचौन कंडियाल एवं शिवम ढौंढियाल ने संयुक्त रूप से किया। अंत में संयोजक पूजा पोखरियाल ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। मौके पर डॉ. सर्वेश उनियाल, डॉ. नीरजा शर्मा, सचिन राणा, बालकृष्ण चमोली, अनिल जोशी, तापस चक्रवर्ती, आदित्य वत्स, वीरेन्द्र डंगवाल 'पार्थ', नरेन्द्र उनियाल 'ननु', डॉ. मनोरमा नौटियाल, नीलम पांडेय 'नील', भारती डिमरी, संगीता राणा, मुकेश राणा, संतोष आशीष, डॉ. शशि देवली, डॉ. सौम्यता पांडे, डॉ. रितेश चौधरी, डॉ. सीमा परवीन, डॉ. जागेश्वर सिंह, डॉ. शोभा चौधरी, डॉ. अल्फीशा, डॉ. नीरज श्रीवास्तव, हिमालय विरासत ट्रस्ट की अध्यक्ष आशना नेगी आदि साहित्यकार एवं शिक्षाविद् उपस्थित रहे।

# चंद्रग्रहण के चलते मंदिरों के कपाट रहे बंद

ऋषिकेश (संवाददाता)। फाल्गुन माह की पूर्णिमा तिथि पर साल का पहला चंद्रग्रहण मंगलवार को लगा। चंद्रग्रहण के सूतक काल के चलते दिनभर तीर्थनगरी के मंदिरों के कपाट शाम साढ़े छह बजे तक बंद रहे। रात्रि में मंदिरों में पूजा-अर्चना और प्रमुख घाटों पर गंगा आरती की गई। चंद्रग्रहण दोपहर 3:27 बजे से शाम 6:57 बजे तक रहा। चंद्रग्रहण का सूतक कई घंटे पहले ही शुरू हो गया था, जिसकी वजह से ऋषिकेश में चंद्रेश्वर मंदिर, वीरभद्र महादेव मंदिर, सोमेश्वर मंदिर, गोपाल मंदिर, दून मार्ग स्थित दुर्गा मंदिर, त्रिवेणी घाट स्थित रघुनाथ मंदिर समेत तमाम मंदिरों के कपाट सुबह से लगभग सात बजे शाम तक बंद रहे। ग्रहण समापन के बाद मंदिरों को धोया गया और फिर वहां पूजा-अर्चना की गई। तुलसी मानस मंदिर के महंत रवि प्रपन्नाचार्य महाराज ने बताया कि ग्रहण काल को शास्त्रों में श्सूतकश का समय कहा गया है। सूतक वह अवधि है जब पूजा-अर्चना, भोग लगाना, मूर्ति स्पर्श और अन्य बाह्य धार्मिक कर्म वर्जित हो जाते हैं। चंद्र ग्रहण में सूतक नौ घंटे पहले और सूर्य ग्रहण में बारह घंटे पहले शुरू हो जाता है। इस दौरान मंदिरों में नियमित पूजा स्थगित कर दी जाती है और कपाट बंद कर दिए जाते हैं।

# साइकिल मैराथन के जरिए शारीरिक फिटनेस का दिया संदेश

ऋषिकेश (संवाददाता)। स्वामी राम हिमालयन विश्वविद्यालय में स्टाफ कर्मियों के लिए मंगलवार को 'मूवाथॉन-2026 साइकिल मैराथन का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य कार्यस्थल पर स्वास्थ्य, फिटनेस और सक्रिय जीवनशैली को बढ़ावा देना रहा। जौलीग्रांट स्थित एसआरएचयू में आयोजित मूवाथॉन-2026 में विश्वविद्यालय के स्टाफकर्मियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। स्कूल ऑफ मैनेजमेंट में साईकिल मैराथन को डायरेक्टर ऑपरेशन साधना मिश्रा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक संजीव पंत द्वारा जेल रोड, हल्द्वानी, नैनीताल उत्तराखण्ड से प्रकाशित एवं चिराग पब्लिकेशन जेल रोड, हल्द्वानी नैनीताल से मुद्रित। सम्पादक - राजेश पंत
फोन नं0- 05946-254443 प्रसार प्रबंधकः वसीम अहमद , आइ एन आई नं.: UTTHIN/2010/36647 email: jokhimhaldwani2013@gmail.com
ताज़ातरीन खबरों व सही जानकारी के साथ समाचार को विस्तार से पढ़ने के लिए लागआन करें हमारा newsportal:. jokhimnews.com